उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या- 67/2020/931/92-2-20-97एम/2019
लखनऊ :: दिनांक:: 27 मई 2020

कार्यालय-ज्ञाप

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-बदायूं में कार्यरत रहने के दौरान वर्ष 2016-17 में प्रधान मंत्री ग्राम सडक योजना के पैकेज संख्या-यूपी-0792 के अंतर्गत निर्मित सम्पर्क मार्ग टी0-2 शमरेर से सादुल्लागंज का स्टेट क्वालिटी मॉनीटर (एस0क्यू0एम0) के निरीक्षण दिनांक 20.12.2017 एवं दिनांक 18-07-2018 में परिलक्षित अनियमितताओं हेतु प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-25/2020/247/92-2-20-97एम/2020 दिनांक 22-01-2020 द्वारा श्री विनोद कुमार, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पीआईयू0-बदायूं को आरोप पत्र देकर उनके विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये जांच के सम्पादनार्थ मुख्य अभियंता (प0क्षे0), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया था।

2- जांच अधिकारी/मुख्य अभियंता(प0क्षे0), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र सं0-07/ ग्रा0अ0वि0/अनु0जांच-बदायू-पै0सं0-0792/2019-20 दिनांक 11-05-2020 द्वारा जांच आख्या शासन में उपलब्ध करायी गयी। अपचारी अधिकारी पर अधिरोपित आरोप, जांच अधिकारी की जांच आख्या एवं अन्य संगत अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त कोई आरोप स्थापित न पाये जाने के दृष्टिगत शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22-01-2020 द्वारा श्री विनोद कुमार, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पीआईयू0-बदायूं के विरूद्ध प्रचलित अनुशासनिक कार्यवाही को बिना किसी दण्ड के एतदद्वारा श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

कल्पना अवस्थी
प्रमुख सचिव।

संख्या-67 /2020/931(1)/92-2-2020 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2- श्री विनोद कुमार, सहायक अभियंता, ग्रा0अ0वि0, पीआईयू0-बदायूं द्वारा-निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रमाकान्त शुक्ल)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in